नव मंगलूर पत्तन प्राधिकरण
पणंबूर ,मंगलूर

एकीकृत प्रबंध प्रणाली नीति

(आईएसओ 9001:2015, आईएसओ 14001: 2015 और आईएसओ 45001:2018)

एनएमपीए लागू आवश्यकताओं और अनुपालन दायित्वों को पूरा करते हुए सुरक्षित, कुशल, पर्यावरण के अनुकूल और लागत प्रभावी बंदरगाह सुविधा और सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। एनएमपीए गुणवत्ता, पर्यावरण और व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रबंधन प्रणालियों के माध्यम से हितधारकों की संतुष्टि बढ़ाने के लिए प्रक्रिया सुधार के माध्यम से स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, सेवा उत्कृष्टता के लिए प्रयास करता है।

एनएमपीए निम्नलिखित के द्वारा अपने हितधारकों की जरूरतों और अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए अपने निष्पादन में लगातार सुधार करता है:

- आवश्यक सुविधाएं, उपकरण, सक्षम कार्मिक और कुशल प्रक्रियाएं प्रदान करना।
- अपने सभी प्रचालनों में प्रतिकूल पर्यावरणीय प्रभावों की रोकथाम।
- पर्यावरण का संरक्षण करने के लिए प्रदूषण को नियंत्रित करना।
- प्रदूषण मुक्त परिवेश के प्रति कार्य करने के लिए सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम करना।
- व्यावसायिक स्वास्थ्य को बढ़ाना, खतरों को समाप्त करना और अपने सभी प्रचालनों में सुरक्षा सुनिश्चित करना।

हस्ता-/

दिनांक : 20.09.2022 (अध्यक्ष)